भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1685

उत्तर देने की तारीख : 03.08.2026

तेलंगाना में एमएसएमई विनिर्माण और पीएलआई लाभार्थियों की वृद्धि

1685. डॉ. के. लक्ष्मण:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तेलंगाना में उद्यम पोर्टल पर एमएसएमई पंजीकरणों की स्थिति क्या है तथा इससे कितने रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं;

(ख) तेलंगाना के एमएसएमई की उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं में भागीदारी सुगम बनाने के लिए कौन-कौन सी पहल की गई हैं तथा उन्हें कौन-कौन से लाभ प्राप्त हो रहे हैं; और

(ग) राज्य में फार्मास्युटिकल्स तथा वस्त्र जैसे प्रमुख क्षेत्रों में एमएसएमई क्लस्टरों को सुदृढ़ करने के लिए कौन-कौन से उपाय किए गए हैं, जिसमें प्रौद्योगिकी, अवसंरचना तथा बाजार तक पहुंच संबंधी सुलभता भी शामिल है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : तेलंगाना राज्य में दिनांक 30.06.2026 तक उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत एमएसएमई की संख्या **44,22,548** है और दी गई सूचना के अनुसार **2,49,27,621** लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है।

(ख): वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने तेलंगाना राज्य सहित देश भर में वर्ष 2020 में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की है। 1.91 लाख करोड़ रुपए के प्रोत्साहन परिव्यय वाली पीएलआई योजना का उद्देश्य भारत के घरेलू विनिर्माण आधार को मजबूत करना है। समय के साथ, इस योजना का विस्तार इलेक्ट्रॉनिक्स और कपड़े से लेकर ऑटोमोबाइल और खाद्य प्रसंस्करण तक 14 क्षेत्रों को शामिल करने के लिए किया गया है।

(ग) : सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम, एमएसएमई मंत्रालय की योजना के तहत प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और बाजार तक पहुंच हेतु सहायता प्रदान करने के लिए तेलंगाना राज्य में 02 सामान्य सुविधा केंद्र परियोजनाओं और 26 बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं सहित कुल 28 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

*****